हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 मई 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनियाभर में आतंकवाद से लड़ाई में नये उत्साह का संचार किया है।
- श्री मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया और कहा कि जनभागीदारी ही भारत की वास्तविक शक्ति है।
- प्रधानमंत्री भारत ने कहा कि **फिट इण्डिया** मज़बूत भारत की नींव है।
- श्री मोदी ने कहा कि देश में शहद उत्पादन में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- भारत, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।
- हरियाणा में "मन की बात" कार्यक्रम को सुनने के बाद विभिन्न नेताओं ने प्रधानमंत्री के युवाओं को प्रेरित करने के दृष्टिकोण की सराहना की।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा -

उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। उन्होंने कहा कि इसने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे की भावना से सराबोर कर दिया। श्री मोदी ने कहा -

प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल पर बल देते हुए कहा -

श्री मोदी ने कहा कि यह जनभागीदारी ही भारत की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल आर्थिक स्वावलंबन की बात ही नहीं हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर अलग-अलग संस्थान अपनी तैयारियां साझा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को समाहित करने की याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष कई युवाओं ने नए रिकार्ड बनाने और योग श्रृंखला का हिस्सा बनने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद की पहुँच अधिक लोगों तक बढ़ाने को लेकर किए गए प्रयासों का जिक्र भी किया।

प्रधानमंत्री ने ड्रोन दीदी कार्यक्रम की सफलता का जिक्र भी किया। श्री मोदी ने कहा -

प्रधानमंत्री ने कुछ स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का उल्लेख करते हुए कहा -

उन्होंने कहा कि फिट इंडिया ही मजबूत भारत की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में खेलो इंडिया खेल बहुत सफल रहे। बिहार के पांच शहरों ने खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी की।

श्री मोदी ने बताया कि देश में शहद उत्पादन में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने बताया कि इसमें राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के गिर में शेरों की संख्या में हुई वृद्धि का जिक्र भी किया जो केवल पांच वर्ष में बढ़कर छह सौ 74 से आठ सौ 91 हो गई है। श्री मोदी ने मन की बात की इस कड़ी में कागज के कचरे और इसकी रिसाइक्लिंग का भी जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को पेपर रीसाइक्लिंग के बारे में सोचना चाहिए।

*******************************************************************

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए, डॉ. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था चार हजार खरब डॉलर है। उन्होंने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

*******************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला छावनी में लोगों के साथ प्रधानमंत्री का "मन की बात" कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विज ने कहा:-

श्री विज ने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर खुशी व्यक्त की।

*******************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा और राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने रोहतक में "मन की बात" कार्यक्रम सुना। शिक्षा मंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए प्रधानमंत्री देश की संस्कृति और छिपी हुई प्रतिभाओं को दुनिया के सामने लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण बहुत बड़ा है। शिक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर और देश की विदेश नीति पर सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना भी की।

**********************************************************************

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के साथ करनाल में प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुना। श्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम के बाद कहा कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का ज्ञान ही नहीं बढ़ाते बल्कि उनको आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने भारत के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर कहा कि यह श्री मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम है।

**********************************************************************

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार हर जिले में आधुनिक फोरेंसिक प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वे कल चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में केंद्रीय और राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के निदेशकों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि हाल ही में स्वीकृत राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना योजना के तहत फोरेंसिक सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन, कर्मियों को प्रशिक्षित करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और फोरेंसिक विज्ञान में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने हेतु 2,254करोड़ 40 लाख रुपये की राशि का निवेश किया जाएगा।

**********************************************************************